### एक नजर में

## ऐरन पुन: अध्यक्ष, राठी सचिव, बाहेती कोषाध्यक्ष



**इंदौर .** गीता भवन न्यासी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को संरक्षक न्यासी विनोद अग्रवाल एवं वरिष्ठ न्यासी प्रेमचंद गोयल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई जिसमें गीता भवन ट्रस्ट मंडल के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए . समाजसेवी राम एरन पुन: अध्यक्ष चुन लिए गए . अन्य पदाधिकारियों में रामविलास राठी सचिव, मनोहर बाहेती कोषाध्यक्ष एवं गीता भवन अस्पताल की संचालन समिति में दिनेश मित्तल सचिव तथा सर्वश्री प्रेमचंद गोयल, महेशचंद्र शास्त्री, राजेश गर्ग केटी, हरीश जाजू एवं मनोहर बाहेती सदस्य मनोनीत किए गए। नव निर्वाचित अध्यक्ष राम ऐरन पिछले 20 वर्षों से गीता भवन के न्यासी हैं और इस अवधि में वे 10 वर्षों तक कोषाध्यक्ष, 5 वर्षों तक मंत्री एवं 4 वर्षों से अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। इसी तरह नवनिर्वाचित मंत्री रामविलास राठी भी पिछले 4 वर्षों से ट्रस्ट के मंत्री रहे हैं .

## समाजसेविका सौम्या जैन सम्मानित



**इंदौर .** एक गरिमामय समारोह में मध्य प्रदेश एनजीओ महासंघ द्वारा समाजसेविका सौम्या जैन तिलगोता को सम्मानित किया गया . विप्र प्रमुख योगेंद्र महंत ने सौम्या तिलगोता को ट्रॉफी, प्रशंसा पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया . समाज सेवा के क्षेत्र में किये गए कार्यो और उत्कृष्ट योगदान के लिए सौम्या को नवाजा गया . विश्व महिला दिवस पर यह आयोजन किया गया था . महासंघ की ओर से बताया गया कि सौम्या तिलगोता कालानी नगर क्षेत्र मे उन्मुक्त आंनद आश्रम का संचालन करती है, जहा बच्चे से लेकर बुजर्गो को सेवा, शिक्षा, सुरक्षा के साथ उनका भरण-पोषण भी किया जाता है .

## महिलाओं व छात्राओं को केरला स्टोरी-2 दिखाई



**इंदौर .** अखिल भारतीय दिगंबर जैन सकल नरसिंगपुरा संस्थान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्ष तृप्ति जैन के नेतृत्व में मध्य प्रदेश अध्यक्ष विधर्भ जैन की कार्य कार्यकारिणी युवा टीम के साथ इन्दौर में दिगंबर जैन महिला मंडल ग्रुप के सहयोग से 350 महिलाओं व छात्राओं को केरला स्टोरी-2 दिखाई . संस्थान प्रवीण जी ने बताया कि नरसिंगपुरा महिला मंडल से संगीताजी, पायल जी एवं खण्डेलवाल महिला मंडल से साधना दगड़े, संगीता बाकलीवाल, सुलेखा गंगवाल की मुख्य भूमिका रही .

## समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल का निधन



**इंदौर .** नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर के वरिष्ठ न्यासी एवं कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल का मंगलवार को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया . मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं संयोजक बी .के . गोयल ने बताया कि राजकुमार अग्रवाल पिछले 3 दशकों से काँटाफोड़ मंदिर से जुड़कर जीवन पर्यंत मंदिर की सेवा गतिविधियों में समर्पित रहे . वे सांवेर रोड स्थित विश्वनाथ धाम के भी न्यासी मंडल में रहे . उनके निधन पर मंदिर से जुड़े भक्तों ने गहरा शोक व्यक्त किया है . शहर की अनेक धार्मिक सामाजिक संस्थाओं से भी वे अंतिम समय तक जुड़े रहे . उनकी अंतिम यात्रा जानकी नगर स्थित निवास से सुबह 10 बजे प्रारम्भ होकर रीजनल पार्क मुक्ति धाम पहुंचेगी .

## शंख ध्वनि एवं स्वस्ति-वाचन के साथ सूर्यदेव को दिया जाएगा अर्घ्य

**इंदौर .** पारंपरिक लोक नृत्य, वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंख ध्वनि के साथ गुड़ी पड़वा नववर्ष का स्वागत सूर्य अर्घ्य के साथ 19 मार्च को प्रात : 6 .15 किया जाएगा . संस्था सार्थक एवं हिंदू नववर्ष आयोजन समिति के तत्वाधान में बड़ा गणपति चौराहे पर नववर्ष गुड़ीपड़वा का आयोजन भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा . आयोजक व संस्था के प्रमुख दीपक जैन टीनू ने बताया कि धार्मिक परंपराओं के साथ सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का सम्मान भी सर्वोपरि है . इसी क्रम में हिंदू नववर्ष अभिनंदन का यह 9वां वर्ष है . हिंदू नववर्षाभिनंदन के अवसर पर सामूहिक सूर्य अर्घ्य, पारंपरिक लोकगीत एवं लोकनृत्य को भी माध्यम बनाया जाएगा . वसुदेव कुटुंबकम के पवित्र उद्देश्य और संतों व जनमानस के सानिध्य में इस नववर्ष का आयोजन संपन्न होगा। संस्कारों को आत्मसात करते हुए बड़ी संख्या में युवाओं द्वारा भगवा साफा बांधकर उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी . आस्था के इस उत्सव में संपूर्ण चौराहे को भगवा पताकाओं से सजाया जाएगा . इस अवसर पर बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व शंख ध्वनि के साथ पवित्र नदियों के जल से सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा . संस्था के अंकित रावल, नितेश मुछाल ओर गौरव नाहर ने बताया कि कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ पुरू दाधिच जी एवं डॉ सुचित्रा हरमलकर जी की शिष्या प्रसिद्ध नृत्यांगना दमयंती जी भाटिया मिरदवाल अपने आरंभ कथक स्टूडियो की नृत्यांगनाओं के साथ विशेष प्रस्तुति देंगी . प्रस्तुति की शुरुआत गणेश वंदना से होगी। तत्पश्चात भगवान शिव का ताण्डव स्तोत्र, जिसमें शिव की ऊर्जा और सृजनात्मक शक्ति को कथक के माध्यम से अभिव्यक्त किया जाएगा . इसके पश्चात नृत्यांगनाएँ माँ दुर्गा के महिषासुर मर्दिनी स्वरूप को मंच पर साकार करेंगी, जो शक्ति और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है . कार्यक्रम के अंतिम चरण में जय श्रीराम की प्रस्तुति के माध्यम से भगवान श्रीराम के नाम की महिमा का वर्णन किया जाएगा . इसी क्रम में भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी के स्मरण के साथ हनुमान चालीसा की भावपूर्ण प्रस्तुति भी दी जाएगी .

# मप्र में शिक्षकों का वेतन संकट गहराया, तीन माह से भुगतान नहीं

- आवंटन के अभाव में दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक वेतन अटका
- मार्च में भी संकट की आशंका

**वेतन से वंचित रखना न्याय संगत नहीं**

शिक्षक प्रतिनिधियों ने इस स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा है कि बिना किसी स्पष्ट कारण के वेतन रोकना अनुचित है . उनका तर्क है कि निलंबित कर्मचारियों को भी जीवन निर्वाह भत्ता मिलता है, ऐसे में कार्यरत शिक्षकों को वेतन से वंचित रखना न्यायसंगत नहीं है .

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. मध्य प्रदेश में अध्यापक एवं सहायक अध्यापक संवर्ग के कई कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिलने का मामला सामने आया है. इंदौर जिले के देपालपुर विकासखंड सहित अन्य क्षेत्रों में भी आवंटन समाप्त होने के कारण वेतन भुगतान लंबित बताया जा रहा है.**

कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, इंदौर द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय को आवंटन समाप्त होने की सूचना भेजे जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी है. इसके चलते दिसंबर 2025, जनवरी 2026 और फरवरी 2026 का वेतन भुगतान नहीं हो पाया है, वहीं मार्च माह का वेतन भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है. शिक्षक संगठनों का कहना है कि शासन के नियमों के अनुसार प्रत्येक लोक सेवक को अगले माह की पहली तारीख तक वेतन भुगतान किया जाना अनिवार्य है, लेकिन वर्तमान स्थिति में यह व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हुई है. वेतन न मिलने से शिक्षकों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. वेतन के अभाव में कई शिक्षक अपने बैंक ऋण की किश्त समय पर जमा नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें डिफॉल्टर की श्रेणी में डाला जा रहा है. साथ ही बच्चों की शिक्षा और दैनिक जीवन की आवश्यकताओं पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है.

**शीघ्र जारी करने की मांग**

प्रांतीय संयोजक शिववीर सिंह भदौरिया सहित शिक्षक संगठनों ने मुख्य सचिव और स्कूल शिक्षा विभाग से शीघ्र आवंटन जारी करने की मांग की है . उन्होंने अनुरोध किया है कि लंबित वेतन का एरियर भुगतान कर अप्रैल 2026 से नियमित वेतन सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके .



# छप्पन दुकान से अतिक्रमण हटाया

- नगर निगम ने की कार्रवाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नगर निगम ने मंगलवार को छप्पन दुकान से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. इस दौरान निगम ने वन स्टॉप सेंटर और गुमटी के बीच कोर्ट की जानकारी का बताया. निगम ने आज छप्पन दुकान की फूलों को दो गुमटी हटाने की कार्रवाई की.**

नगर निगम द्वारा आज छप्पन दुकान पर अवैध फूलों की दुकान हटाने की कार्रवाई की. उक्त दोनों दुकानें निगम फुट ओवर ब्रिज के पास लगी हुई थी. निगम की कार्रवाई के दौरान दुकानदार के परिजनों ने जमकर विरोध किया. दुकानदार परिजन में से एक महिला ने रोते हुए कहा कि ये लोग भीख मांगकर पेट नहीं भरने देते हैं, वो हम गरीबों को खुद कमाकर क्या खाने देंगे? ये लोग हमारा रोजगार छीन कर खुश नहीं रहेंगे. निगम भवन अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि छप्पन दुकान पर अवैध फूलों की दुकान हटाने की कार्रवाई की गई है. दुकान वाले और वन स्टॉप सेंटर के बीच कानूनी मामला चल रहा है. इसकी लिए दोनों का मामला है, निगम का इससे कोई लेना देना नहीं है. आज अतिक्रमण हटाने की कारवाई कर दी गई.



## दुकान का शटर उचकाकर नकदी और कपड़े ले उड़े बदमाश

**इंदौर.** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक बार फिर पुलिस गश्त को चुनौती दी है. गुमास्ता नगर स्थित एक अपार्टमेंट की दुकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाश शटर उचकाकर भीतर दाखिल हुए और वहां रखी नकदी व कीमती कपड़े चोरी कर फरार हो गए. पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार, चोरी की यह घटना गोकुलधाम अपार्टमेंट, गुमास्ता नगर में हुई. यहां स्थित दुकान के संचालक मनीष कुमार पिता श्यामलाल बतरा निवासी द्वारकापुरी जब सुबह अपनी दुकान पर पहुंचे, तो उन्हें शटर मुड़ा हुआ मिला. अंदर जाकर देखा तो सारा सामान अस्त-व्यस्त था और गल्ले में रखी नकदी गायब थी. फरियादी ने पुलिस को बताया कि बदमाश दुकान का शटर उचकाकर अंदर घुसे थे. चोरों ने न केवल गल्ले में रखी नकदी पर हाथ साफ किया, बल्कि दुकान में बिक्री के लिए रखे कीमती कपड़े भी बटोर ले गए.

द्वारकापुरी पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस गोकुलधाम अपार्टमेंट और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि बदमाशों के हुलिए और उनके भागने के रास्ते का पता लगाया जा सके.

# तीन साल में पूरा होगा एमवाय अस्पताल के नए भवन का प्रोजेक्ट

- 773 करोड़ की लागत से बन रहा 1450 बेड वाला सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल
- एमवाय में आधुनिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की तैयारियां जोरों पर

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. एमवाय अस्पताल का विस्तार तेजी से आकार ले रहा है. 773 करोड़ रुपए की लागत से 1450 बिस्तरों वाले नए अत्याधुनिक अस्पताल भवन का निर्माण कार्य गति पकड़ चुका है, जो पूरा होने के बाद प्रदेश का सबसे बड़ा शासकीय अस्पताल होगा. आधुनिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस इस परियोजना को तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा है. इस अस्पताल में शहर सहित प्रदेशभर के मरीजों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी.

एमवाय अस्पताल परिसर में प्रस्तावित इस नए अस्पताल की रूपरेखा को लेकर मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में बैठक आयोजित की गई. बैठक में परियोजना की प्रगति, लेआउट प्लॉन और निर्माण कार्य की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक के दौरान नई बिल्डिंग के लेआउट प्लॉन का प्रेजेंटेशन दिया गया, जिसमें बताया गया कि अस्पताल की तीन अलग-अलग इमारतें होंगी, जो आपस में कनेक्टेड रहेंगी. यह निर्माण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की गाइडलाइन के अनुरूप किया जा रहा है. इसके अंतर्गत सभी प्रमुख विभागों को एक ही परिसर में समाहित किया जाएगा. परियोजना के तहत 1450 बेड के अस्पताल के साथ 500 बेड का नर्सिंग हॉस्टल, स्टॉफ और मरीजों के परिजनों के लिए पार्किंग, साथ ही एसटीपी और ईटीपी जैसी सुविधाओं का भी निर्माण किया जाएगा. निर्माण कार्य मध्य प्रदेश भवन निर्माण निगम लिमिटेड, भोपाल द्वारा डिजाइन एंड फोरम कंसल्टेंट, नई दिल्ली के मार्गदर्शन में किया जा रहा है. एजेंसी द्वारा प्रारंभिक चरण में मिट्टी परीक्षण और अन्य तकनीकी कार्य शुरू कर दिए गए हैं.



**जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों ने साझा किए सुझाव**

बैठक में जानकारी दी गई कि परियोजना को तीन वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है . निर्माण कार्य की नियमित समीक्षा भवन निर्माण निगम और मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा की जा रही है . इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रस्तावित लेआउट पर आवश्यकताएं और सुझाव भी साझा किए . साथ ही परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए . मामले में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ . अरविंद घंघोरिया ने बताया कि यह अस्पताल प्रदेश का सबसे बड़ा शासकीय स्वास्थ्य केंद्र होगा, जहां अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी . उन्होंने कहा कि जनहित की इस महत्वपूर्ण परियोजना को तय समयसीमा में पूरा करना प्राथमिकता है और आगामी चरणों का कार्य शासन के निर्देशानुसार आगे बढ़ाया जाएगा .


# एयरपोर्ट की 1 .25 लाख वर्गफीट करोड़ों की जमीन पर कब्जा

- पूरी जमीन पर किया प्लॉटिंग का खेल, जांच में जुटा प्रबंधन
- सीमांकन से खुलेगा राज, प्रबंधन ने बढ़ाई सुरक्षा, फेंसिंग और सर्वे की तैयारी

**इंदौर.** देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की करीब 1.25 लाख वर्गफीट की करोड़ों की जमीन पर कथित कब्जे का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है. जमीन पर प्लॉटिंग का खेल भी किया गया है, जिसके बाद एयरपोर्ट प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है. पूरे मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए सीमांकन, सर्वे और फेंसिंग की तैयारी के साथ सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है.

एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि पुराने टर्मिनल भवन के सामने स्थित करीब 1.25 लाख वर्गफीट जमीन पर अतिक्रमण किया गया है. द्विवेदी के अनुसार, इस जमीन को पहले कंपाउंड वॉल से घेरा गया था और यह पंचशील नगर से चौरसिया नगर तक फैली हुई थी। उनका दावा है कि बाजार मूल्य के आधार पर इसकी कीमत करोड़ो रुपए हो सकती है. शिकायत में यह भी कहा गया है कि एक कॉलोनाइजर ने कथित रूप से एयरपोर्ट की जमीन को अपने प्लॉट में शामिल कर बेच दिया या किराये पर दे दिया.




**एयरपोर्ट प्रबंधन का पक्ष- सीमांकन से होगी स्थिति स्पष्ट-** मामले पर एयरपोर्ट अधिकारी रामस्वरूप यादव ने बताया कि संबंधित जमीन का जल्द सीमांकन कराया जाएगा. उन्होंने कहा कि सीमांकन के बाद एयरपोर्ट की भूमि पर फेंसिंग कर बोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि वास्तविक सीमा स्पष्ट हो सके और किसी प्रकार का भ्रम न रहे. शासन को भी इस प्रक्रिया के लिए अवगत कराया जाएगा.

**कुछ हिस्सों पर स्थिति स्पष्ट, बाकी का होगा सत्यापन**

एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार, कुछ क्षेत्र सीधे तौर पर एयरपोर्ट की भूमि में आते हैं, जबकि कुछ खाली जमीन पीछे की ओर स्थित है, जिसकी स्थिति स्पष्ट करने के लिए सीमांकन जरूरी है . साथ ही, एयरपोर्ट परिसर की टूटी हुई दीवारों को भी जल्द दुरुस्त किया जाएगा . जमीन विवाद को लेकर शिकायत और प्रबंधन के स्पष्टीकरण के बीच अब नजर सीमांकन और जांच प्रक्रिया पर है . आने वाले समय में प्रशासनिक कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि संबंधित जमीन की वास्तविक स्थिति क्या है .



## औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ द्वारा वॉकथान आयोजित

**इंदौर.** समाज में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से फिट है तो हिट है संदेश के साथ अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ द्वारा 11 किलोमीटर की वॉकथान का आयोजन किया गया. यह पदयात्रा जूनी इंदौर स्थित महासंघ कार्यालय से प्रारंभ होकर गांधी चौक, गांधीनगर इंदौर तक सम्पन्न हुई.

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिक मंच औदुम्बर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जगदीश चंद्र जोशी तथा महासंघ अध्यक्ष प्रदीप जोशी द्वारा महासंघ के ध्वज के साथ औदुम्बर वृक्ष की परिक्रमा करते हुए किया गया. वॉकथान के दौरान पदयात्रियों का स्वागत राज मोहल्ला में सुरेश दुबे, कालानी नगर में राहुल द्विवेदी तथा एरोड्रम थाने के पास संदीप दुबे द्वारा किया गया. गांधीनगर पहुंचने पर समाजसेवी शशीकला दुबे एवं क्षेत्रीय समाज बंधुओं ने सभी प्रतिभागियों की अगवानी की.

महासंघ के महासचिव उमेश द्विवेदी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है. समाज के प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से सक्रिय रहकर स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए. इस वॉकथान में ओमप्रकाश दुबे, के.डी. परसाई, महेश शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, सूर्यकुमार पाठक, अमित दुबे, अनुराधा दुबे, किरण दुबे, अनीता दवे, अंशु दुबे, साधना जोशी सहित 100 से अधिक महिला-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लगभग 2 घंटे 40 मिनट में 11 किलोमीटर की पदयात्रा पूर्ण की. वॉकथान के प्रवर्तक प्रमोद दुबे ने आभार माना.

# नाचते-गाते साईं भक्तों ने की प्रभातफेरी की अगवानी

- पुष्प वर्षा के बीच हुआ स्वागत, आज वीणा नगर में



**इंदौर.** शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरो से जुड़े श्रद्धालु पिछले 14 दिनों से प्रतिदिन सुबह शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में साईं बाबा की पालकी और प्रभात फेरी निकालकर बाबा की भक्ति का अलख जगा रहे हैं. केन्द्रीय साईं सेवा समिति की मेजबानी में मंगलवार को सुबह खजराना गणेश मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों में जैसे ही बाबा की सजी-धजी पालकी पहुंची, साईं बाबा के जयघोष के बीच भजनों पर नाचते-गाते भक्तों ने समूचे क्षेत्र को साईंमय बना दिया.

गोयल विहार कॉलोनी में सुनील शर्मा के निवास से निकली इस पालकी यात्रा एवं प्रभात फेरी का पूरे क्षेत्र में जबरदस्त स्वागत हुआ. समूचे क्षेत्र को रंगोली, दीपों, विद्युत एवं पुष्प सज्जा से श्रृंगारित किया गया था. घर-घर बाबा की पालकी की अगवानी जयघोष और पूजन, अभिषेक, आरती के साथ हुई. श्री केन्द्रीय सांई सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव, सुनील शर्मा एवं आलोक खादीवाला ने बताया कि खजराना क्षेत्र में साईं भक्त सुनील शर्मा के परिजनों द्वारा पालकी के पूजन एवं आरती के साथ प्रारंभ हुई यात्रा पूरे क्षेत्र में जहाँ-जहाँ पहुंची, घर-घर से पालकी के पूजन का सिलसिला चलता रहा. भजन गायक प्रदीप परमार और अक्षत शर्मा के भजनों पर नाचते, गाते, झूमते साईं भक्तों की टोलियाँ आकर्षण का केंद्र बनी रहीं. भोलेनाथ और राधकृष्ण के श्रृंगार में सजे कलाकारों के संग महिलाओं और युवतियों ने भी नृत्य किए. क्षेत्र के रहवासियों को समीर जोशी, मोहन पहलवान, पूरब कपूर, दिलीप ठाकुर, राजीव सूरी, संजय शर्मा, पिंकी भाटिया, ज्ञानेश्वर होल्कर, संतोष भुसारी, धीरज गोयल, संजय शर्मा, लक्की वर्मा आदि ने 26 मार्च को राम नवमी पर साईं भक्त ब्रह्मलीन विनिता पाठक की स्मृति में बड़ा गणपति से छत्रीबाग साईं मंदिर तक निकलने वाली साईंराम यात्रा का न्योता दिया. मातृशक्ति की ओर से लतिका चंद्रातेरे और निशा चौहान ने महिलाओं की अगवानी की. 18 मार्च को सुबह 5.30 बजे से वीणा नगर श्याम नगर मेन राधिका सोसाइटी स्थित अशोक गायकवाड के निवास से बाबा की पालकी एवं प्रभात फेरी निकलेगी।.

**एक नजर में** एक मंच पर नवाचार के साथ 71 बेबाक पत्रकार शक्ति सम्मानित. ...

# शक्ति सम्मान में हुआ कलम योद्धाओं का सम्मान



**इंदौर.** इंदौर प्रेस क्लब में महिला दिवस के अवसर पर शक्ति गौरव समारोह का आयोजन किया गया. इसमें शहर की 71 महिला पत्रकारों का सम्मान किया गया. इस अवसर पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, विधायक उषा ठाकुर, पोस्ट मास्टर जनरल प्रीति अग्रवाल और एसपी यांग चेन डोलकर अतिथि के रूप में मौजूद थे. शहर के कई विशिष्टजन भी कार्यक्रम में मौजूद थे.

कलम की ताकत से समाज में बदलाव लाने वाली महिलाओं को सलाम करने के लिए इंदौर प्रेस क्लब द्वारा एक समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम सयोजक व प्रेस क्लब उपाध्यक्ष प्रियंका पांडे ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर होने वाला यह कार्यक्रम केवल एक सम्मान समारोह नहीं बल्कि उन महिलाओं के संघर्ष, साहस और उपलब्धियों का उत्सव है जिन्होंने पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अमिट पहचान बनाई है. ऐसी ही प्रेरणादायक महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपनी लेखनी, अपनी बेबाकी और अपने साहस से पत्रकारिता की दुनिया में नई मिसाल कायम की है. कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम ने स्वागत उद्बोधन दिया.

प्रेस क्लब उपाध्यक्ष प्रियंका पांडे ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा इंदौर की पत्रकारिता महिला पत्रकारों के बिना अधूरी है. महासचिव प्रदीप जोशी ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और विशिष्ट सम्मान से अलंकृत महिला पत्रकार साथियों का परिचय दिया. इस बार कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड रहा, जो कि अनेक मीडिया संस्थानों में सेवाएं दे चुकी वरिष्ठ पत्रकार जयश्री पिंगले और बेबाक सीनियर जर्नलिस्ट मनीषा दुबे को प्रदान किया गया. कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, सचिव अभिषेक चेंडके, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद दीक्षित, अभय तिवारी, अंशुल मुकाती, मनीष मक्खर , श्याम कामले, विजय भट्ट मौजूद थे.

### महिला गौरव सम्मान

कार्यक्रम की उप संयोजक प्रेस क्लब की महिला प्रतिनिधि पूनम शर्मा ने बताया कार्यक्रम में शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में नई पीढ़ी को दिशा देने वाली तीन हस्तियों को महिला गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया इनमें डॉ . सोनाली सिंह, डॉ . जमना मिश्रा और डॉ . वंदना जोशी शामिल हैं . इसके अलावा शहर की उन महिला पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया . इसमें प्रियंका जैन देशपांडे, नासिरा मंसूरी, नीता सिसोदिया, रजनी भंडारी, करिश्मा कोतवाल, नाज पटेल, सोदामनी मजूमदार, रूखसाना मिर्जा को भी सम्मानित किया गया . कार्यक्रम में नई पीढ़ी की महिला पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया . पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 40 से अधिक महिला पत्रकारों को सम्मानित किया गया .